# कार्यालय –प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्रत्यायित

e-mail-- hegtrscrew@mp.gov.in

07662 252670


**Date: - 31.07.2026**

## आवश्यक सूचना

शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में सिविल सेवा (मध्य प्रदेश और संघ लोक सेवा आयोग) की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में लोक सेवा आयोग परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क विशेष कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन दिनांक 14 अगस्त 2026 को होगा। इन परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए सामान्य अध्ययन के साथ सिविल सेवा अभिक्षमता परीक्षण की कक्षायें संचालित होंगी। महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त एवं पंजीकृत छात्र/छात्राएं विशेष कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। इन कक्षाओं में निम्नांकित विषयों में विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा।

- भारतीय राज व्यवस्था
- भारतीय एवं विश्व का इतिहास
- भारतीय अर्थ व्यवस्था
- भारतीय और विश्व का भूगोल
- समसामयिकी एवं सामान्य ज्ञान
- मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान
- सामान्य विज्ञान
- भारतीय संस्कृति एवं समाज
- नैतिकता और मानवीय मूल्य

सिविल सेवा परिक्षा की तैयारी हेतु संचालित होने वाली कक्षाओं में जिला प्रशासन रीवा के अधिकारीगणों एवं लोकसेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा भी मार्ग दर्शन किया जाएगा। कक्षाओं में भाग लेने के लिए इच्छुक छात्र छात्राएं IQAC प्रकोष्ठ में संपर्क करें।

कक्षाओं के आयोजन की समय सारिणी निम्नानुसार है–

- आयोजन के दिवस सोमवार से शनिवार तक
- आयोजन स्थल- कक्ष क्रमांक-35 MB भवन
- आयोजन समय- 4:30 से-6:30 P.M.

सभी विभागाध्यक्ष इस सम्बन्ध में छात्र छात्राओं को सूचित कराएं।

डॉ. एस. पी. शुक्ल
प्राध्यापक राजनीति विज्ञान

प्राचार्य
डॉ. अर्पिता अवस्थी